जनपद बाराबंकी

दिनांक- 23.06.2025

जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों/वांछित अभियुक्तों/वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस द्वारा दिनांक 22/23.06.2025 को 04 वारण्टी व 09 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा 53 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

01.➡थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा 01 चोर/अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के मोटरसाइकिल व 40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद-

थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 23.06.2025 को मु0अ0सं0 265/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त फिरोज पुत्र मुराद अली निवासी ग्राम लौलई थाना चिनहट जनपद लखनऊ को मसौली चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का एक अदद मोटरसाइकिल UP 41 M 6139 व 40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद किया गया। अभियुक्त के पास से 40 ग्राम अवैध स्मैक की बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 274/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

अभियुक्त द्वारा बरामद मोटरसाइकिल को दिनांक 20.06.2025 को यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा मसौली के बाहर से चुराया गया था।

02.➡ थाना बड्डूपुर पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित/मादक पदार्थ तस्कर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 02 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा व एक अदद ई-रिक्शा बरामद-

थाना बड्डूपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 23.06.2025 को मु0अ0सं0 169/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में वांछित अभियुक्त/मादक पदार्थ तस्कर सिकन्दर सिंह पुत्र रवीन्द्र सिंह निवासी ग्राम गुलराही मजरे कतुरीखुर्द थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी को शारदा नहर पटरी, ग्राम बेहड़ा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 02 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा व एक अदद ई-रिक्शा बरामद कर थाना बड्डूपुर पर मु0अ0सं0 200/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

अभियुक्त द्वारा अवैध गांजा बेचकर अपना जीवन-यापन किया जाता है। साथ ही अवैध गांजा को बेचने से प्राप्त रुपये से बरामद ई-रिक्शा खरीदा गया था। दिनांक 28.05.2025 को अभियुक्त द्वारा दो व्यक्तियों तिलकराम व सत्यवान को अवैध गांजा बेचा गया था जिनको थाना बड्डूपुर पुलिस द्वारा अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया एवं थाना बड्डूपुर पर मु0अ0सं0 169/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया था, जिसमें अभियुक्त सिकन्दर सिंह वांछित था।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 261/2020 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी।
2. मु0अ0सं0 01/2021 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी।

03.➡थाना सतरिख पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 02 अदद डण्डा बरामद -

थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 23.06.2025 को मु0अ0सं0 302/25 धारा 109/352/351(3) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. रामू पुत्र सुकई प्रसाद, 2. ऊधम सिंह पुत्र रामू निवासीगण परेठिया

थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को परेठिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 02 अदद डण्डा बरामद किया गया।

04. ➞थाना जैदपुर पुलिस द्वारा 04 जुआरियों को किया गया गिरफ्तार-

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22.06.2025 को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे कुल 04 अभियुक्तगण 1. रोहित पुत्र राकेश, 2. सिराज पुत्र नोमान, 3. धर्मेन्द्र पुत्र कल्लू, 4. सोनू पुत्र जगदेव निवासीगण मोहल्ला मौलवी कटरा थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व मालफड़/जामातलाशी के कुल 2090/- रूपये बरामद कर अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना जैदपुर पर मु0अ0सं0 214/2025 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

05. ➞थाना कोठी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त/आलाकत्ल बरामद -

थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 23.06.2025 को मु0अ0सं0 129/25 धारा 115(2)/351(2)/109(1) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त पिन्टू पुत्र सियाराम निवासी सादुल्लापुर थाना कोठी जनपद बाराबंकी को सरकारी अस्पताल, कोठी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त/आलाकत्ल एक अदद लकड़ी का फठ्टा बरामद किया गया।